# PRINCE ACADEMY
OF HIGHER EDUCATION
[Co-edu. Sr. Sec. School, Affiliated to CBSE, Affiliation No. - 1730387]


Palwas Road, Near Jaipur - Bikaner Bypass Crossing, SIKAR - 332001 (Raj.) INDIA
Mob. : 9610-75-2222, 9610-76-2222
www.princeeduhub.com | E-mail : princeacademy31@gmail.com


## SAMPLE PAPER 2024-25

**CLASS - X**

**Time : 03 : 00 Hours** | **HINDI COURSE A (002)** | **M. M. : 80**

सामान्य निर्देश :–

1. इस प्रश्न–पत्र में दो खंड हैं – खण्ड 'अ' और खण्ड 'ब'। खण्ड 'अ' में वस्तुपरक/बहुविकल्पी और खण्ड 'ब' में वस्तुनिष्ठ वर्णनात्मक प्रश्न दिए गए हैं।
2. इस प्रश्न–पत्र में दोनों खण्डों के कुल प्रश्नों की संख्या 17 है और सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं।
3. यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।
4. खण्ड 'अ' में कुल 10 प्रश्न हैं जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 44 है। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 40 उपप्रश्नों के उत्तर दीजिए।
5. खण्ड 'ब' में कुल 7 प्रश्न हैं। सभी प्रश्नों के साथ उनके आंतरिक विकल्प भी दिए गए है। निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर दिजिए।

## खण्ड – अ

## वस्तुपरक/बहुविकल्पीय प्रश्न

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए। $1 \times 5 = 5$

बंगाल की शस्य–श्यामला धरती का सौंदर्य अविस्मरणीय है। इसके मनोहर और उन्मुक्त सौंदर्य को प्रतिभाशाली रचनाकार अपने गीतों, निबंधों और कविताओं में बाँधने की कोशिश करते रहते हैं लेकिन इसके मायावी और लोकोत्तर आकर्षक का रंच मात्र ही वे रूपायित करने में सफल हो पाए हैं। अविभाजित बंगाल का सौंदर्य किसी भी संवेदनशील मस्तिष्क के भीतर हलचल पैदा कर सकता है। चाँदी–सी चमकती मीलों लंबी नहरों और नदियों के बीच पन्नों की तरह चमकते हरे – भरे खेतों के चित्र संवेदनशील मन को अपूर्व आनंद से भर देते हैं। हरे – भरे खेतों में पके दानों की लहलहाती सुनहरी फसल, हवा में फुसफुसाते लंबे ताड़ के वृक्ष और साल की पत्तियों की बहती हुई मंद – मंद हवा, कंचनजंघा के उत्तुंग शिखर, सुंदरवन के घने जंगल, दीघा के सुंदर रेतीले समुद्र तट और उत्तर बंगाल के हरे – भरे चाय के बागान आँखों में रचे बसे रहते हैं। प्राकृतिक छटाओं से भरी पूरी यह धरती युगों से महान् लेखकों, कवियों और कलाकारों को प्रेरित करती रही है। इस अनोखे वरदान के केवल वही पात्र हैं जिन्हें इस धरती पर पैदा होने का सौभाग्य मिला है अथवा वे हैं जो अविभाजित बंगाल में रह चुके हैं।

(क) किसी संवेदनशील मन को अपूर्व आनंद से भर देते हैं :
(अ) नदियों, नहरों और खेतों के चित्र
(ब) नदियों, समुद्रों और हीरे – पन्ने के दृश्य
(स) चाँदी की चमक और पन्नों की हरियाली
(द) फसलों और पेड़ों के मिले – जुले दृश्य

(ख) लेखक की दृष्टि में बंगाल की शस्य – श्यामला धरती का सौंदर्य कैसा नहीं है?
(अ) अविस्मरणीय (ब) मायावी (स) आकर्षक (द) असामान्य

(ग) बंगाल की भूमि के विषय में कथन और कारण की सत्यता परखिए ।

कथन (A) : यह धरती युगों से महान लेखकों, कवियों और कलाकारों को प्रेरित करती रही है।

कारण (R) : यह धरती युगों से प्राकृतिक छटाओं से भरपूर है।

(अ) कथन (A) और कारण (R) दोनों असत्य हैं। (ब) कथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं।

(स) कथन (A) सत्य पर कारण (R) असत्य है। (द) कथन (A) असत्य पर कारण (R) सत्य है।

(घ) 'इस गद्यांश का केन्द्रीय विषय बंगाल है।'

उपर्युक्त कथन के पक्ष में निम्नलिखित तर्कों पर विचार कीजिए।

(1) बंगाल में बिताए दिनों के कारण

(2) प्रकृति का मनुष्य के ऊपर पड़ने वाले प्रभावों के कारण

(3) अविभाजित बंगाल की धरती के सौन्दर्य के कारण

विकल्प :

(अ) (1) सही है। (ब) (3) सही है। (स) (2) सही है। (द) (1) और (3) सही हैं।

(ङ) निम्नलिखित में से कौन – सा युग्म गद्यांश के आधार पर सही है?

(अ) फसल : घनी (ब) समुद्र तट : रेतीले

(स) कंचनजंघा : मंद हवा (द) चाय बागान : सुनहरे

2. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए। $1 \times 5 = 5$

चमडें का रंग मनुष्य – मनुजता को बाँटे
यह है जघन्य अपमान प्रति का, मानव का
धरती पर घृणा जिए, मर जाए प्रीति प्यार
यह धर्म मनुज का नहीं, धर्म दानव का!
हाँ! प्रेम – नाम ही है रे जिसका महाकाव्य
यदि वही नहीं तो जीवन का क्या अर्थ यहाँ
यदि वही नहीं तो सृष्टि सभ्यता जड़ मृत है
यदि वही नहीं तो ज्ञान सकल है व्यर्थ यहाँ।
है गर्व तुम्हें जो अपनी उज्ज्वल सफेदी पर
वह मिथ्या है, छल है, घमंड है चेहरे का
रंगों का राजा तो है रंग भीतर वाला
बाहरी रंग तो द्वारपाल है पहरे का।
दुनिया ऐसी तस्वीर कि जिसके खाके में
आधी गोराई तो आधी कजलाई है,
पाँवों के नीचे यदि गौर वर्ण वसुधा
तो सिर पर श्याम गगन की छाया छाई है।

(क) काव्यांश में मुख्य रूप में किस समस्या का उल्लेख किया गया है?

(अ) लिंगभेद (ब) असमानता (स) रंगभेद (द) गैर–बराबरी

(ख) कवि कहता है 'रंगों का राजा तो है रंग भीतर वाला' भीतर वाले रंग का क्या तात्पर्य है?

(अ) व्यक्तित्व का आकर्षण (ब) वास्तविक खूबसूरती

(स) व्यक्तिगत आचरण (द) आंतरिक गुण और स्वभाव

(ग) उज्ज्वल सफेदी पर गर्व क्या है?

(अ) सदियों की परंपरा का पालन | (ब) बाज़ार का दबाव और रंगभेद
(स) मिथ्या, छल और अभिमान | (द) सत्य, अभिमान और यकीन

(घ) कथन (A) और कारण (R) पर विचार करते हुए सही विकल्प चुनिए :

कथन (A) : कवि के अनुसार जीवन व्यर्थ है।

कारण (R) : जीवन तब व्यर्थ होता है जब उसमें प्रेम नहीं होता है।

(अ) कथन (A) सही है, किन्तु कारण (R) गलत हैं।

(ब) कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही हैं।

(स) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं।

(द) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।

(ङ) गोरे और काले वर्ण के लिए प्रकृति से कौन–सा प्रतीक दिया गया है?

(अ) राधा और कृष्ण का | (ब) धरती और आसमान का
(स) नदियों और सागर का | (द) मनुज और दानव का

3. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। $1 \times 4 = 4$

(क) 'समूचा गाँव खेतों में उतर पड़ा है और रोपनी कर रहा है।' इस वाक्य का सरल वाक्य होगा :

(अ) जो समूचा गाँव है वह खेतों में उतर कर रोपनी कर रहा है।

(ब) समूचा गाँव खेतों में उतर कर रोपनी कर रहा है।

(स) जहाँ समूचा गाँव खेतों में उतर पड़ा है वहाँ रोपनी हो रही है।

(द) समूचा गाँव खेतों में उतर पड़ा है अतः रोपनी कर रहा है।

(ख) निम्नलिखित वाक्यों में मिश्र वाक्य का उदाहरण कौन–सा है?

(अ) वेशभूषा या बाह्य अनुष्ठानों से कोई संन्यासी नहीं होता।

(ब) इस रेखाचित्र की एक विशेषता यह है कि बालगोबिन भगत के माध्यम से ग्रामीण जीवन की सजीव झाँकी देखने को मिलती है।

(स) यहाँ विशिष्ट शैलीकार हैं इसलिए उन्हें 'कलम का मजदूर' कहा जाता है।

(द) बालगोबिन लंबी दाढ़ी नहीं रखते थे परन्तु हमेशा उनका चेहरा सफेद बालों से जगमग रहता।

(ग) निम्नलिखित वाक्यों में से मिश्र वाक्य का उदाहरण है :

(अ) अजमेर से पहले पिता जी इंदौर में थे

(ब) हुड़दंग तो इतना मचाया कि कॉलेज वालों को थर्ड ईयर भी खोलना पड़ा।

(स) हमने हुड़दंग मचाया और कॉलेज वालों ने थर्ड ईयर खोल दिया।

(द) हमारे हुड़दंग मचाने के कारण कॉलेज वालों को थर्ड ईयर भी खोलना पड़ा।

(घ) निम्नलिखित वाक्यों में संयुक्त वाक्य पहचानकर नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाला विकल्प चुनकर लिखिए।

(1) असफल होने पर शोक करना व्यर्थ है।

(2) मैं एक दिन अमेरिका जाऊँगी तथा अपना शेष जीवन वहीं बिताऊँगी।

(3) जैसे ही रमेश आया, वैसे ही मोहन चल दिया।

(4) विद्यार्थी परिश्रमी है, इसलिए वह अवश्य सफल होगा।

(अ) (1) और (2) सही है। | (ब) (2) और (3) सही है।
(स) (1) और (4) सही है। | (द) (2) और (4) सही है।

(ड़) कॉलम 1 को कॉलम 2 से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

| कॉलम 1 | कॉलम 2 |
| --- | --- |
| (1) सुरेश के आ जाने से सब प्रसन्न हो गए। | (i) मिश्र वाक्य |
| (2) मैं युवा थी और शीला अग्रवाल की जोशीली बातों ने रगों में बहते खून को लावें में बदल दिया था। | (ii) सरल वाक्य |
| (3) कुछ लोग इसलिए दान करते हैं कि उनका नाम हो। | (iii) संयुक्त वाक्य |

(अ) (1) – (i), (2) – (ii), (3) – (iii) (ब) (1) – (ii), (2) – (iii), (3) – (i)

(स) (1) – (i), (2) – (iii), (3) – (ii) (द) (1) – (ii), (2) – (i), (3) – (iii)

4. निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। $1 \times 4 = 4$

(क) 'हम इस खुले मैदान में दौड़ सकते हैं।' इस वाक्य को भाववाच्य में बदलिए।

(अ) हम दौड़ सकते हैं, इस खुले मैदान में। (ब) हम इस खुले मैदान में दौड़ सकेंगे।

(स) हमसे इस खुले मैदान में दौड़ा जाएगा। (द) हमसे इस खुले मैदान में दौड़ा जा सकता है।

(ख) इस वाक्य का वाच्य लिखिए – 'अशोक ने विश्व को शांति का संदेश दिया।'

(अ) कर्मवाच्य (ब) भाववाच्य (स) कर्तृवाच्य (द) करणवाच्य

(ग) 'धान के पानी – भरे खेतों में बच्चे उछल रहे हैं।' उदाहरण है :

(अ) भाववाच्य (ब) कर्तृवाच्य (स) कर्मवाच्य (द) विचारवाच्य

(घ) निम्नलिखित वाक्यों में भाववाच्य का उदाहरण है :

(1) माता जी मिठाई बना सकती हैं। (2) मुझसे बैठा नहीं जाता।

(3) भगवान द्वारा हमारी रक्षा की जाती है। (4) कृष्णा ने पत्र लिखा।

(अ) (1) और (2) सही है। (ब) (2) और (3) सही है।

(स) (1) और (4) सही है। (द) केवल (2)।

(ड़) कॉलम 1 को कॉलम 2 से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

| कॉलम 1 | कॉलम 2 |
| --- | --- |
| (1) भारत द्वारा मैच जीत लिया गया। | (i) कर्तृवाच्य |
| (2) गेंदबाज़ों ने मैच में बेहतरीन प्रदर्शन किया। | (ii) कर्मवाच्य |
| (3) विपक्षी बल्लेबाजों से क्रीज़ पर रुका नहीं जा सका। | (iii) भाववाच्य |

(अ) (1) – (ii), (2) – (i), (3) – (iii) (ब) (1) – (i), (2) – (iii), (3) – (ii)

(स) (1) – (ii), (2) – (iii), (3) – (i) (द) (1) – (i), (2) – (ii), (3) – (iii)

5. निर्देशानुसार 'पद परिचय' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। $1 \times 4 = 4$

(क) 'चारों ओर छाई <u>हरियाली</u> मनमोहक लग रही थी।' रेखांकित अंश का पद–परिचय होगा :

(अ) भाववाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्त्ताकारक

(ब) भाववाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, बहुवचन, कर्मकारक

(स) जातिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्त्ताकारक

(द) व्यक्तिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्त्ताकारक

(ख) 'ड्राइवर ने <u>ज़ोर से</u> ब्रेक मारे।' रेखांकित अंश का पद–परिचय होगा :

(अ) रीतिवाचक क्रियाविशेषण, विशेष्य क्रिया – मारे

(ब) स्थानवाचक क्रियाविशेषण, विशेष्य क्रिया – मारे

(स) कालवाचक क्रियाविशेषण, विशेष्य क्रिया – मारे

(द) परिमाणवाचक क्रियाविशेषण, विशेष्य क्रिया – मारे

(ग) वह स्कूल से अभी – अभी आया है। – रेखांकित पद का परिचय है?

(अ) संज्ञा, जातिवाचक, एकवचन, पुल्लिंग, करण कारक

(ब) संज्ञा, व्यक्तिवाचक, एकवचन, पुल्लिंग, अपादान कारक

(स) संज्ञा, जातिवाचक, बहुवचन, पुल्लिंग, अपादान कारक

(द) संज्ञा, जातिवाचक, एकवचन, पुल्लिंग, अपादान कारक

(घ) 'मन की कोमलता अक्सर चोट खा जाती है।' में रेखांकित पद का परिचय होगा :

(अ) भाववाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्मकारक

(ब) विशेषण, गुणवाचक, स्त्रीलिंग, एकवचन, 'मन' विशेष्य

(स) जातिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्त्ताकारक

(द) भाववाचक संज्ञा, पुल्लिंग, बहुवचन कर्त्ताकारक

(ङ) शशि दसवीं कक्षा में पढ़ती है। – रेखांकित पद का परिचय है:

(अ) विशेषण, संख्यावाचक, स्त्रीलिंग, एकवचन, 'कक्षा' विशेष्य

(ब) क्रियाविशेषण, परिमाणवाचक, 'पढ़ना' क्रिया

(स) विशेषण, गुणवाचक, स्त्रीलिंग, एकवचन, कक्षा, विशेष्य

(द) विशेषण, संख्यावाचक, स्त्रीलिंग, बहुवचन, 'कक्षा' विशेष्य

6. निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। $1 \times 4 = 4$

(क) 'उस काल मारे क्रोध के तनु काँपने उनका लगा।
मानो हवा के ज़ोर से सोता हुआ सागर जगा।। में अलंकार है :

(अ) मानवीकरण (ब) श्लेष (स) उत्प्रेक्षा (द) अतिशयोक्ति

(ख) 'कढ़त साथ ही म्यान तें, असि रिपु तन से प्रान।' में अलंकार है :

(अ) अतिशयोक्ति (ब) श्लेष (स) मानवीकरण (द) उत्प्रेक्षा

(ग) जो रहीम गति दीप की, कुल कपूत गति सोय।
बारे उजियारो करै, बढ़े अंधेरो होय।। में अलंकार है :

(अ) मानवीकरण (ब) श्लेष (स) अतिशयोक्ति (द) उत्प्रेक्षा

(घ) निम्नलिखित में से किन काव्य पंक्तियों में मानवीकरण अलंकार है :

(अ) जगी वनस्पतियाँ अलसाई, मुँह धोया शीतल जल से।

(ब) कोटि कुलिस–सम–वचन तुम्हारा

(स) को घटि ये वृषभानुजा वे हलधर के वीर

(द) भिखारिन को देख पट देत बार–बार

(ङ) स्तम्भ 1 को स्तम्भ 2 से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

| स्तम्भ 1 | स्तम्भ 2 |
|---|---|
| (1) बलिहारी नृप कूप की गुण बिन बूँद न देय | (i) उत्प्रेक्षा |
| (2) चित्रकूट जनु अचल अहेरी। | (ii) मानवीकरण |
| (3) कहीं साँस लेते हो घर – घर भर देते हो | (iii) श्लेष |

(अ) (1) – (iii), (2) – (i), (3) – (ii) (ब) (1) – (ii), (2) – (i), (3) – (iii)

(स) (1) – (i), (2) – (ii), (3) – (iii) (द) (1) – (ii), (2) – (iii), (3) – (i)

7. निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए – $1 \times 5 = 5$

इसने उन्हें मान और प्रतिष्ठा तो बहुत दी, पर अर्थ नहीं और शायद गिरती आर्थिक स्थिति ने ही उनके व्यक्तित्व के सारे सकारात्मक पहलुओं को निचोड़ना शुरु कर दिया। सिकुड़ती आर्थिक स्थिति के कारण और अधिक विस्फारित उनका अहं उन्हें इस बात तक की अनुमति नहीं देता था कि वे कम से कम अपने बच्चों को तो अपनी आर्थिक विवशताओं का भागीदार बनाएँ। नवाबी आदतें, अधूरी महत्वाकांक्षाएँ, हमेशा शीर्ष पर रहने के बाद हाशिए पर सरकते चले जाने की यातना क्रोध बनकर हमेशा माँ को कँपाती – थरथराती रही थी। अपनों के हाथों विश्वासघात की जाने कैसी गहरी चोटें होगी वे जिन्होंने आँख मूँदकर सबका विश्वास करने वाले पिता को बाद के दिनों में इतना शक्की बना दिया था कि जब–तब हम लोग भी उसकी चपेट में आते ही रहते।

(क) मन्नू के पिता का स्वभाव शक्की क्यों हो गया?
(अ) अपनों के हाथों विश्वासघात के कारण (ब) आर्थिक विवशताओं के कारण
(स) अपने बच्चों से मिली उपेक्षा के कारण (द) उपर्युक्त सभी कारणों से

(ख) इससे पहले उनकी आर्थिक स्थिति इंदौर में कैसी थी?
(अ) आर्थिक अभाव के कारण जीवनयापन कठिनता से
(ब) नवाबी ठाठ; प्रतिष्ठा, अच्छी आर्थिक स्थिति
(स) मध्यम वर्गीय परिवार
(द) इनमें से कोई नहीं

(ग) किस कार्य ने उन्हें बहुत यश और प्रतिष्ठा दी किन्तु अर्थ नही?
(अ) उनके द्वारा किए गए समाज – सुधार के कार्यों ने
(ब) उनके द्वारा किए गए धार्मिक कार्यों ने
(स) उनके द्वारा लिखे गए अंग्रेज़ी – हिंदी विषयवार शब्दकोश ने
(द) इनमें से कोई नहीं

(घ) गिरती आर्थिक स्थिति का लेखिका के पिता पर क्या प्रभाव पड़ा?
(अ) उन्हें अधिक क्रोधी और अहंकारी बना दिया
(ब) उन्हें बहुत डरपोक बना दिया
(स) उनके व्यक्तित्व के सकारात्मक पक्षों को नष्ट कर दिया
(द) विकल्प (अ) और (स) दोनों सही है।

(ङ) उनके चिड़चिड़े स्वभाव और कोप का भाजन सबसे अधिक किसे बनना पड़ता था?
(अ) लेखिका की सहनशील माँ को (ब) लेखिका को
(स) लेखिका की बड़ी बहन को (द) लेखिका के भाई को

8. गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए। $1 \times 2 = 2$

(क) नमाज़ के बाद बिस्मिल्ला खाँ खुदा से क्या माँगते थे?
(अ) यश, नाम, प्रतिष्ठा (ब) धन – वैभव (स) मोक्ष – प्राप्ति (द) सच्चे सुर का वरदान

(ख) 'बालगोबिन भगत के जीवन से हमें क्या प्रेरणा मिलती है?
(अ) आडंबर से दूर रहकर ईश्वर भक्ति करने की (ब) कृषि आधारित जीवन व्यतीत करने की
(स) सामाजिक रूढ़ियों का समर्थन करने की (द) पूजा – पाठ और यज्ञ आदि करने की

9. निम्नलिखित पठित काव्यांश को पढ़कर इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। $1 \times 5 = 5$

हरि हैं राजनीति पढ़ि आए।
समुझी बात कहत मधुकर के, समाचार सब पाए।
इक अति चतुर हुते पहिलैं ही, अब गुरु ग्रंथ पढाए।
बढ़ी बुद्धि जानी जो उनकी, जोग – संदेस पठाए।
ऊधौ भले लोग आगे के, पर हित डोलत धाए।
अब अपने मन फेर पाइ हैं, चलत जु हुते चुराए।
ते क्यों अनीति करैं आपुन, जे और अनीति छुड़ाए।
राज धरम तौ यहै 'सूर', जो प्रजा न जाहिं सताए।

(क) गोपियों की दृष्टि में पुराने जमाने में लोगों का आचरण कैसा था?
(अ) परोपकारी लोगों के कल्याण के लिए भागे–भागे फिरते थे।
(ब) धूर्त तथा लोगों को मक्कारी सिखाते थे।
(स) प्रेमभाव तथा प्यार से लोगों को समझाते थे
(द) चातुर्य तथा अनीति से सबको बचाते थे।

(ख) गोपियों के अनुसार राज़धर्म क्या है?
(अ) प्रजा को न सताया जाना (ब) प्रजा का हित न करना
(स) प्रजा को प्रेम से वंचित करना (द) ये सभी

(ग) गोपियाँ श्री कृष्ण द्वारा योग–संदेश भेजे जाने को उनकी राजनीति बताते हुए क्या तर्क प्रस्तुत करती हैं?
(अ) श्री कृष्ण पहले ही चतुर थे (ब) श्री कृष्ण ने योग–संदेश भेजा
(स) मन में फेर हो गया है, अनीति कर रहे हैं (द) ये सभी

(घ) 'मधुकर' शब्द का प्रयोग किसके लिए किया गया है?
(अ) उद्धव के लिए (ब) श्री कृष्ण के लिए (स) गोपियों के लिए (द) इनमें से कोई नहीं

(ङ) उपर्युक्त पद में किस भाषा का प्रयोग हुआ है?
(अ) अवधी भाषा (ब) ब्रजभाषा (स) मैथिली भाषा (द) बिहारी भाषा

10. पाठ्य पुस्तक में निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए। $1 \times 2 = 2$

(क) संगतकार पाठ के अनुसार संगतकार की मुख्य विशेषता क्या होती है?
(अ) उसकी मानवीयता (ब) उसकी कलात्मक श्रेष्ठता
(स) उसकी प्रतिभा प्रदर्शन की आकांक्षा (द) उसकी आत्म मुग्धता

(ख) तीव्र या ऊँचे स्वर में गाई जाने वाली 'सरगम' को क्या कहते हैं?
(अ) तार सप्तक (ब) अनहद (स) मंद्र सप्तक (द) मध्य सप्तक

## खण्ड – ब

## वर्णात्मक प्रश्न

11. गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 25–30 शब्दों में लिखिए। $2 \times 3 = 6$

(क) 'एक कहानी यह भी' के आधार पर स्वतंत्रता आन्दोलन के आखरी चरण के परिदृश्य का वर्णन कीजिए।
(ख) 'संस्कृति' पाठ के आधार पर बताइए कि संस्कृत व्यक्ति कौन होता है? उसकी खूबियों पर टिप्पणी कीजिए।
(ग) बाल गोबिन भगत के प्रति लेखक क्यों आकर्षित था? पाठ के आधार पर किंहीं दो कारणों का उल्लेख कीजिए।
(घ) ऐसी क्या मजबूरी थी कि नेताजी की मूर्ति बनाने का कार्य स्थानीय कलाकार को दिया गया?

12. पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 25–30 शब्दों में लिखिए। $2 \times 3 = 6$

(क) फसल किन–किन रूपों का जादू है? इसे बनाए रखने के लिए हमें क्या – क्या प्रयास करने चाहिए।

(ख) परशुराम के प्रति लक्ष्मण के व्यवहार पर अपनी प्रति क्रिया लिखिए।

(ग) मुख्य गायक को अक्सर संगतकार की जरूरत क्यों पड़ती है? 'संगतकार' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(घ) गोपियों की विरहाग्नि और भी अधिक दग्ध क्यों हो गई?

13. पूरक पाठ्यपुस्तक के पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50–60 शब्दों में लिखिए। $4 \times 2 = 8$

(क) यूमथांग और कटाओ के अन्तर 'को साना–साना हाथ जोडि' के आधार पर स्पष्ट करते हुए बताइए कि आप किस स्थल से ज्यादा प्रभावित हुए हैं। आप इनमें से किसकी यात्रा करना करना चाहेंगे?

(ख) 'माता का अँचल' पाठ में बच्चों का जीवन अधिक प्राकृतिक और सामाजिक था, आज की तुलना – इस कथन को 'माता का अँचल' से उदाहरण लेकर स्पष्ट करें।

(ग) क्या बाह्य दबाव केवल लेखन से जुड़े रचनाकारों को प्रभावित करते हैं या अन्य क्षेत्रों से जुड़े कलाकरों को भी प्रभावित करते हैं, कैसे? अपने शब्दों में लिखिए।

14. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में सारगर्भित अनुच्छेद लिखिए। $6 \times 1 = 6$

(क) क्रिकेट और भारत
- भारत में क्रिकेट की दीवानगीपन
- सर्वश्रेष्ठ एवं बड़ी क्रिकेट संस्था
- सर्वाधिक दर्शक और श्रोता

(ख) समय बहुमूल्य है
- समय कभी लौटता नहीं
- उचित समय का लाभ लेना आवश्यक, कोई उदाहरण

(ग) लड़का – लड़की एक समान
- भगवान की नजरों में लड़का – लड़की बराबर
- पुरूष शरीर और स्वभाव से कठोर, स्त्री कोमल
- दोनों एक दूसरे के पूरक
- दोनों में अन्तर करना अन्याय

15. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए। $5 \times 1 = 5$

(क) विद्युत आपूर्ति अधिकारी, अ ब स नगर को एक पत्र लिखकर नगर में की जा रही बिजली कटौती एवं इससे हो रही परेशानी का उल्लेख कीजिए तथा इसके त्वरित समाधान का अनुरोध कीजिए।

अथवा

(ख) आपकी दीदी ने पाँच – छह वर्ष पहले आम के कुछ पौधे लगाए थे तथा दीदी के विवाह के उपरान्त आपने उनकी देखभाल की है। इन पेड़ों पर इस बार आम लगे हैं। अपनी पर्यावरण प्रेमी दीदी को यह खुशखबरी देते हुए पत्र लिखिए।

16. आप शौर्य या शौर्या है। आप बी.ए., बी.एड. कर चुके हैं आपको अ. ब. स. विद्यालय में गणित अध्यापक /अध्यापिका पद के लिए आवेदन करना है। इसके लिए आप अपना संक्षिप्त स्ववृत्त (बायोडाटा) लगभग 80 शब्दों में तैयार कीजिए।

अथवा

आप एन.डी.ए. परीक्षा का प्रवेश–पत्र डालनलोड करने में असमर्थ रहे। इसके बारे में यू.पी.एस.सी. के सचिव को ई–मेल द्वारा लगभग 80 शब्दों में सूचित कीजिए। $5 \times 1 = 5$

17. नमकीन बनाने वाली कंपनी 'स्वाद' अपना एक आकर्षण विज्ञापन बनवाना चाहती है। इसके लिए 40 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

अथवा

आपके पिताजी घर पर नहीं थें, उनके मित्र का फोन आया, जिसमें उन्होंने आपके पिता के लिए संदेश दिया है। आपको अपनी कोचिंग के लिए जाना है। अपने पिता के लिए उस संदेश को 40 शब्दों में लिखिए। $4 \times 1 = 4$